रौल नं०..............................नाम परीक्षार्थी..............................

XII-52 वार्षिक परीक्षा सन् 2025 ई० A

# शिक्षाशास्त्र (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3.15 घण्टा कक्षा – 11 पूर्णांक – 100

नोट :– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. निम्नलिखित प्रश्न–खण्डों में प्रत्येक के चार–चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं। सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए:–

(क) नगर निगम की व्यवस्था किस निगम में है :– 1
(अ) लखनऊ (ब) रायबरेली
(स) प्रतापगढ़ (द) मिर्जापुर।

(ख) वर्तमान भारत में किस प्रकार की शासन व्यवस्था है :– 1
(अ) राजतंत्र (ब) प्रजातंत्र
(स) एकतंत्र (द) कुलीनतंत्र।

(ग) किस शिक्षण विधि में बालक प्रयोगशाला में कार्य करते हैं :– 1
(अ) मॉण्टेसरी विधि (ब) डाल्टन प्रणाली
(स) बेसिक शिक्षा (द) किंडरगार्टन विधि।

(घ) विकास को प्रभावित करने वाले कारक नहीं हैं :– 1
(अ) बुद्धि (ब) प्रजाति
(स) उपलब्धि (द) संस्कृति।

(ङ) अधिक तनाव का काल है :– 1
(अ) शैशवावस्था (ब) बाल्यावस्था
(स) किशोरावस्था (द) युवावस्था।

## (निश्चित उत्तरीय प्रश्न)

2. 'शिक्षा द्विमुखी प्रक्रिया है।' ऐसा किसने कहा है? 1
3. "समाज व्यक्तियों का संग्रह है।" यह परिभाषा किस विद्वान् की है? 1
4. शिक्षा की कौन–सी विधि ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से शिक्षा पर बल देती है? 1
5. जॉन डीवी किस विश्वविद्यालय में प्रोफेसर थे? 1
6. मनोविज्ञान का वास्तविक अर्थ क्या है? 1

## (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न– उत्तर सीमा 25 शब्द)

7. समाज एवं समुदाय शिक्षा के किस प्रकार के अभिकरण हैं? 4
8. समुदाय के शिक्षा सम्बन्धी चार कार्य बताइए। 4
9. मॉण्टेसरी प्रणाली और किण्डरगार्टन प्रणाली के संस्थापक कौन थे? 4
10. बालकों की आयु के आधार पर प्रोजेक्ट के प्रकार कौन–कौन से हैं? 4

(पृष्ठ पलटिए)

11. शिक्षा मनोविज्ञान के अध्ययन की आत्म निरीक्षण विधि का वर्णन कीजिए। 4

12. 'विकास' से क्या आशय है? 4

**(लघु उत्तरीय प्रश्न– उत्तर सीमा 50 शब्द)**

13. भारत के संदर्भ में सामाजिक विकास के महत्व पर प्रकाश डालिए। 6

14. शिक्षाशास्त्री जॉन डीवी ने विद्यालय को किस रंग से परिभाषित किया है? 6

15. राज्य के शिक्षा पर पड़ने वाले चार प्रभाव लिखिए। 6

16. फ्रोबेल के अनुसार एकता के सिद्धान्त से क्या समझते हैं? संक्षेप में लिखिए। 6

17. महात्मा गाँधी ने 'शिक्षा' का क्या अर्थ बतलाया है? 6

18. शिशु की मांसपेशियों का विकास किस प्रकार होता है? 6

**(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न– उत्तर सीमा 150 शब्द)**

19. "शिक्षा के व्यक्तिगत एवं सामाजिक उद्देश्य परस्पर विरोध न होकर एक–दूसरे के पूरक है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। 10

**अथवा**

ग्रामीण स्थानीय संस्थाओं द्वारा किये जाने वाले शैक्षिक कार्यों का वर्णन कीजिए।

20. डाल्टन प्रणाली का प्रयोग वर्तमान समय की शिक्षा पर किस प्रकार करेंगे? 10

**अथवा**

बेसिक शिक्षा के गुण–दोष लिखिए।

21. विकास के प्रमुख सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए तथा उनका शैक्षिक महत्व स्पष्ट कीजिए। 10

**अथवा**

"बाल्यावस्था जीवन का अनोखा काल है।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए तथा इस काल की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।